श्री सत्यनारायण सामनानीय: बैंकों का इसमें कमीशन तय हुआ है, फार्मासिस्टों का भी कमीशन तय हुआ है।

श्रीमती रेवुका चौधरी: बिल्कुल ठीक कह रहे हैं, देख ले रहा है।

श्री एस॰ एस॰ अहलूवालिया: बड़े भारी पैमाने पर लूट हो रही है।

श्री चतुरानन मिश्र: अगर कुछ फैक्ट्स के साथ आप हमारे पास भेज दें तो हम इसकी जांच करवाएंगे Twenty models of tractors are available. एक या दो कम्पनियों के ही नहीं है। इसको लोग अबेल कर सकते हैं। अगर माननीय सदस्य के पास कुछ भी इनफॉर्मेशन है जिसमें सरकार की तरफ से कोई लाभ है तो हम उस पर पूर्ण रूप से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के लिए तैयार हैं कि वह उन तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।

श्रीमती रेवुका चौधरी: 20 ही नहीं, 40 मॉडल तैयार हैं, वह मार्किट में है। वह अगर मार्किट में आना चाहें तो रूरल बैंक वाले सिर्फ दो-तीन को पहचानते हैं, बाकी को नहीं पहचानते।

MR. CHAIRMAN: The question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

औषधों के मूल्यों को नियंत्रित करना

*421. श्री दिनेश सिंह बाबेल: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने औषधों के मूल्यों को नियंत्रित करने हेतु कारगर व्यवस्था की है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह व्यवस्था प्रमुख औषधों के लिये की गई है अथवा खुदरा उपभोग के लिये बेचे जाने वाले औषधों के मूल्यों के लिये की गई है;

(ग) क्या खुदरा रूप से उपभोग में लाये जाने वाले औषधों के मूल्यों पर नियंत्रण हेतु स्थापित प्रबंध तंत्र (प्राधिकरण) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) जीवन-रक्षक औषधों के मूल्यों में वृद्धि हेतु वर्ष 1992-93 से 1996-97 तक दी गई अनुमति का ब्यौरा क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला): (क) से (घ) सितम्बर, 1994 में संशोधित औषध नीति 1986 के प्रावधानों के अनुसार सरकार ज्ञानात्मक आधार पर प्रमुख औषधों तथा उन पर आधारित सूत्रयोगों की कीमतों का नियंत्रण करती है। वर्तमान प्रणाली के अनुसार देश में बनाए जाने वाले प्रमुख औषधों तथा जो मूल्य नियंत्रण के अधीन हैं, के मूल्यों का अध्ययन किया जाता है। उसके बाद अधिकतम बिक्री मूल्य निश्चय किया जाता है और उसे सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाता है। इन प्रमुख औषधों पर आधारित सूत्रयोगों का मूल्य इनके उत्पादकों से प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर अथवा स्वप्रेरणा आधार पर निश्चय किया जाता है। इन मूल्यों के बारे में संबंधित आवेदकों को सूचित किया जाता है अथवा सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाता है तथा इनके बैंक को सीलिंग पैक घोषित किया जाता है जिसके मूल्यों का अनुपालन सभी के द्वारा किया जाना है। मूल्य निर्धारण/संशोधन की प्रक्रिया को प्रभावशाली तथा सरल बनाने के लिए राष्ट्रीय मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एन पी पी ए) का गठन किया जा रहा है और वह निकट भविष्य में कार्य करना शुरू कर देगा। 1992-93 के दौरान जो औषध मूल्य नियंत्रण के अधीन रहीं तथा जो डी पी सी ओ 1995 के अनुसार भी मूल्य नियंत्रण के अधीन हैं उनकी मूल्य वृद्धि दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है।

विवरण

1992-93 के दौरान मूल्य नियंत्रण के अधीन रही प्रपुंज औषध

क्रम सं०	प्रपुंज औषध का नाम	1992-93 में प्रवर्तमान अधिसूचित मूल्य	अद्यतन अधिसूचित मूल्य	अभ्युक्ति
1.	अमोडियाक्विन	रु० 035/कि०ग्रा० — 26.3.93	रु० 715/कि०ग्रा० — 18.10.96	
2.	एस्प्रिन	रु० 89/कि०ग्रा० — 26.7.93	रु० 95.98/कि०ग्रा० — 6.9.96	
3.	बीटामिथासोन अल्कोहल	रु० 160.17/ग्रा० — 17.6.93	रु० 192.83/ग्रा० — 13.12.96	अनुसंधान एवं विकास प्रयासों पर मूल्य नियंत्रण से छूट
	बीटामिथासोन वेलरेट	रु० 155.00/ग्रा० — 17.6.93	रु० 183.45/ग्रा० — 13.12.96	
	बीटामिथासोन फास्फेट	कुछ नहीं*	रु० 178.58/ग्रा० — 13.12.96	
4.	क्लोरोक्विन फास्फेट	रु० 1368/कि०ग्रा० — 18.12.92	रु० 1388/कि०ग्रा०	
5.	डीक्लोरोमेटाक्सीलिनोल	रु० 275/कि०ग्रा० — 30.8.91	रु० 245/कि०ग्रा० — 3.7.95	
	पैराक्लोरोमेटाक्सीलिनोल	रु० 293/कि०ग्रा० — 9.10.91	रु० 313/कि०ग्रा० — 8.2.96	
6.	क्लोक्सासिलिन सोडियम	रु० 3206/कि०ग्रा० — 27.7.92	रु० 2356/कि०ग्रा० — 20.1.95	
7.	डेक्सामीथासोन प्योर	रु० 153/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 138.00/ग्रा० — 20.6.94	
	डेक्सामीथासोन सोडियम फास्फेट	रु० 171.00/ग्रा० — 17.6.93	रु० 157.00/ग्रा० — 28.6.94	
8.	डेक्सट्रोप्रोपेक्सीफेन	रु० 2996.00/कि०ग्रा० — 17.6.93*	रु० 3216/कि०ग्रा० — 26.4.96	*मे० जगसनपाल लि० के लिए
		रु० 3730.00/कि०ग्रा० — 25.9.91**	रु०	**मे० वाकहार्ट लि० के लिए
9.	डाक्सीसाइक्लिन एचसीएल	रु० 5416/कि०ग्रा० — 28.8.92	रु० 4138/कि०ग्रा० — 7.9.95	
10.	एफीड्रिन	रु० 1698/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 1414/कि०ग्रा० — 13.12.96	
11.	एरिथ्रोमाइसिन बेस	रु० 4050/कि०ग्रा० — 15.4.93	रु० 4191/कि०ग्रा० — 15.2.94	
	एरिथ्रोमाइसिन एस टोलेट	रु० 3181/कि०ग्रा० — 26.3.93	रु० 3243/कि०ग्रा० — 3.7.95	
	एरिथ्रोमाइसिन इथाइल सक्सीनेट	रु० 4953/कि०ग्रा० — 26.3.93	रु० 4772/कि०ग्रा० — 3.7.95	
12.	ग्रामाइसिटिन सल्फेट	रु० 13405/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 15061/कि०ग्रा० — 26.4.95	
13.	फ्यूसेमाइड	रु० 2407/कि०ग्रा० — 8.4.93	रु० 2375/कि०ग्रा० — 11.4.94	
14.	लिपीजाइड	कुछ नहीं*	रु० 31964/कि०ग्रा० — 18.10.96	*डीपीसीओ, 87 के अधीन कोई मूल्य अधिसूचित नहीं।

15.	ग्रीसोफ्लुविन	कुछ नहीं*	रु० 3691/कि०ग्रा० —	*पहली बार दिनांक 19.11.94 को रु० 3691/कि०ग्रा० मूल्य अधिसूचित किया गया।
16.	आइडोक्लोरोहाइड्रोक्सीक्विनोलीन	रु० 397/कि०ग्रा० — 25.9.91	रु० 408.32/कि०ग्रा० — 28.7.94	
17.	इबूप्रोफेन	रु० 521/कि०ग्रा० — 9.2.93	रु० 521/कि०ग्रा०	
18.	इंसुलिन	रु० 25622.00/एमयू — 12.11.92	रु० 24126.00/एमयू — 29.9.95	
19.	मेबेन्डोलिन नापाडीसाइलेट	रु० 1296/कि०ग्रा० — 15.10.93	रु० 1365/कि०ग्रा० — 14.9.94	
20.	मेटामीजोल (एनालजिन)	रु० 319/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 308/कि०ग्रा० — 13.12.96	
21.	मिथाइलडोपा	रु० 3982/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 4210/कि०ग्रा० — 3.7.95	
22.	मेट्रोनिडाजोल	रु० 516/कि०ग्रा० — 14.9.92	रु० 516/कि०ग्रा०	
23.	नालिडिक्सिक एसिड	कुछ नहीं*	रु० 2744/कि०ग्रा० — 26.4.96	*पहली बार इस ग्रुप के औषध का मूल्य 23.11.94 को रु० 2837/कि०ग्रा० नियत किया गया।
24.	नेप्रोक्सेन नेप्रोक्सेन सोडियम	कुछ नहीं*	रु० 4873/कि०ग्रा० — 3.7.95	*पहली बार इस ग्रुप के औषध का मूल्य दिनांक 19.11.94 को रु० 4929/कि०ग्रा० नियत किया गया।
25.	आक्सीटेट्रासाइक्लिन	रु० 1007/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 1064/कि०ग्रा० — 3.7.95	
26.	बेंजाथीन पेनिसिलिन जी	रु० 3073/कि०ग्रा० — 27.11.93	रु० 3217/कि०ग्रा० — 13.9.95	
	प्रोकेन पेनिसिलिन जी	रु० 1661/बीयू — 23.11.93	रु० 1820/बीयू — 3.7.95	
	पोटाशियम पेनिसिलिन जी	रु० 1021/बीयू — 19.11.92	रु० 1025/बीयू — 20.1.95	
27.	पेंटाजोसिन	कुछ नहीं*	रु० 42126.00/कि०ग्रा० — 27.11.95	*चूंकि यह बड़े पैमाने पर आयात होता था इसलिए 27.11.95 तक कोई मूल्य नियत नहीं किया गया।
28.	फेनिरामाइन मेलिएट	रु० 862/कि०ग्रा० — 26.3.93	रु० 916.27/कि०ग्रा० — 27.10.95	

क्रम सं०	प्रपुंज औषध का नाम	1992-93 में प्रवर्तमान अधिसूचित मूल्य	अद्यतन अधिसूचित मूल्य	अभ्युक्ति
29.	प्रेडनीसोलोन	रु० 33076/कि०ग्रा० — 28.7.93	रु० 45505/कि०ग्रा० — 13.12.96	
	प्रेडनीसोलोन एसीटेट	रु० 37902/कि०ग्रा० — 28.7.93	रु० 51670/कि०ग्रा० — 13.12.96	
30.	पाइरेन्टल पामोएट	रु० 1327/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 965/कि०ग्रा० — 3.7.95	
31.	रेनिटिडिन	कुछ नहीं*	रु० 1714/कि०ग्रा० — 7.9.95	*दिनांक 16.3.94 तक कोई मूल्य नियत नहीं किया गया 16.3.94 को इसका मूल्य रु० 1835/कि०ग्रा० नियत किया गया।
32.	रिफैम्पिसिन	रु० 5795/कि०ग्रा० — 4.8.92	रु० 5220/कि०ग्रा० — 12.6.95	
33.	सालबूटामोल सल्फेट	रु० 8.96/कि०ग्रा० — 30.8.91	रु० 8.69/ग्रा० — 28.6.94	
34.	स्ट्रेप्टोमाइसिन	रु० 1854/कि०ग्रा० — 23.11.92	रु० 2100/कि०ग्रा० — 13.12.96	
35.	सल्फाडियालिन	रु० 575/कि०ग्रा० — 17.6.93	*	*17.6.93 के बाद पुनरीक्षा नहीं की गई। अब यह बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है।
36.	सल्फाडिमिडाइन	रु० 387/कि०ग्रा० — 17.6.93	रु० 460/कि०ग्रा० — 12.8.94	
37.	सल्फामेथोक्साजोल	रु० 419.00/कि०ग्रा० — 30.7.93	रु० 415/कि०ग्रा० — 3.7.95	
38.	सल्फामोक्सोल	रु० 478.00/कि०ग्रा० — 22.7.93	रु० 478/कि०ग्रा०	
39.	टेट्रासाइक्लिन	रु० 1363/कि०ग्रा० — 23.11.92	रु० 1748/कि०ग्रा० — 13.12.96	
40.	थियोफिलिन	रु० 399/कि०ग्रा० — 28.7.93	रु० 472.00/कि०ग्रा० — 13.12.96	
41.	ट्रिमेथोप्रिम	रु० 1532/कि०ग्रा० — 28.7.93	रु० 1510/कि०ग्रा० — 3.7.95	
42.	वेरापामिल	*	रु० 4662/कि०ग्रा० — 31.1.96	*31.1.96 तक कोई मूल्य नियत नहीं किया गया। हाल ही में इसका उत्पादन प्रारंभ हुआ है।

43.	विटामिन ए एसीटेट	रु० 2757 0.5/एमआईयू/जी एम (1000 एमयू) (4.1.93)	रु० 3001 0.5/एमआईयू/जी एम (1000 एमयू) (19.11.94)
	विटामिन ए पामीटेट	रु० 2081 1.0/1.62/1.7/एम आईयू/जीएम (1000 एमयू) (4.1.93)	रु० 2595 1.0/1.62/1.7 एमआईयू/ जीएम (1000 एमयू) (19.11.94)
	विटामिन एसीटेट आयली	रु० 1880 1 एमआईयू/जी (1000 एमयू) (4.1.93)	रु० 2256 1 एमआईयू/जी (1000 एमयू) (19.11.94)
44.	विटामिन सी प्लेन	रु० 496.00/कि०ग्रा० — 1.6.93	रु० 539.00/कि०ग्रा० — 19.5.95
	विटामिन सी कोटिड	रु० 497.00/कि०ग्रा० — 1.6.93	रु० 541.00/कि०ग्रा० — 19.5.95
	विटामिन सोडियम एस्कोरबेट	रु० 509.00/कि०ग्रा० — 1.6.93	रु० 556.00/कि०ग्रा० — 19.5.95